अमर उजाला 29/04/2023

# कविता पाठ प्रतियोगिता में रबनूर रही प्रथम

**अंबाला सिटी।** सिटी के एसए जैन कॉलेज द्वारा युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में डॉ. पदम सिंह शर्मा कमलेश मेमोरियल हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जीएनएम कॉलेज की रबनूर प्रथम रही। कार्यक्रम में प्रबंधक समिति प्रधान राजिंद्र कुमार जैन मुख्यातिथि और युवा एवं सांस्कृतिक विभाग निदेशक डॉ. महा सिंह पूनिया विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने मंगलाचरण गाया और कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. आभा बंसल ने विधिवत रूप से सभी मेहमानों का अभिवादन किया।

निर्णायक मंडल में प्रो. अजायब सिंह, एमएलएन कॉलेज रादौर, बृज शर्मा लेखक एवं निर्देशक रेडियो स्टेशन कुरुक्षेत्र, एसडी संस्कृत कॉलेज कैंट सेवानिवृत्त प्रोफेसर आचार्य महावीर शास्त्री मौजूद रहे। प्रतियोगिता में गांधी मेमोरियल कॉलेज अंबाला कैंट की रबनूर ने प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय अंबाला शहर की आशिमा ने द्वितीय स्थान, गांधी मेमोरियल कॉलेज कैंट के तरूण कुमार ने तृतीय स्थान पाया। कार्यक्रम में सचिव हितेष जैन, सचिव, संयुक्त सचिव राजीव जैन भी मौजूद रहे। मंच संचालन प्रो. भारती ने किया। आयोजक मंडल में सांस्कृतिक प्रभारी विजय गेंद, उप प्रभारी डॉ. सुरेश, प्रो. मधु बाला, डॉ. विजय सेठ, प्रो. ललिता, डॉ. कविता सिंगला, डॉ. धर्मबीर, डॉ. सुमन लूथरा शामिल थे। संवाद